आचार संहिता

01 जुलाई 2022 से परभावी

VBCA400040 REV. 0 | MARKO DENADIC | JULY 1, 2022

आचार संहिता

प्रिय कर्मचारियों,

मुझे दुनिया भर में अपने कर्मचारियों पर गर्व है, वे एक अंतरराष्ट्रीय कंपनी के रूप में बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) की सफलता की कुंजी हैं। मिल कर, हम समान मूल्यों को साझा करते हैं: हम अपने व्यवसाय को एक नैतिक, कानूनी और पर्यावरण की दृष्टि से तथा सामाजिक रूप से जिम्मेदार तरीके से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस आचार संहिता में हम कर्मचारियों के रूप में अपनी सभी व्यावसायिक गतिविधियों में एक दूसरे के साथ,अपने हितधारकों,अपने भागीदारों और अपने पर्यावरण के साथ कैसे संवाद करते हैं इससे संबंधित मानक और सिद्धांत मौजूद हैं। हमारे मूल्यों और व्यवहारों के साथ मिल कर, आचार संहिता हमारे दैनिक कार्यों में निर्णयों तथा क्रियाओं को परिभाषित और प्रभावित करती है। वे हमारे आचरण के लिए और बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) की अखंडता के लिए आधार और दिशानिर्देशों का निर्माण करते हैं।

मैं हर एक कर्मचारी को सम्मान, खुलेपन और आपसी विश्वास की संस्कृति में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ मुझे विश्वास है कि बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) के प्रत्येक कर्मचारी का जिम्मेदार व्यवहार हमारी कंपनी की सतत सफलता में योगदान करता है।

आपकी सपोर्ट के लिए धन्यवाद।

फैब्रिक बिलार्ड
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

हमारे दायित्व क्या हैं?

हम सभी कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं

हम सभी स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कानूनों, निर्देशों और मानकों को मान्यता देते हैं और उनका पूरा पालन करते हैं। इसके अलावा, सभी कर्मचारी व्यक्तिगत रूप से आंतरिक निर्देशों के पालन के लिए जिम्मेदार हैं।

हम बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) और अपने भागीदारों की अखंडता और प्रतिष्ठा की सुरक्षा करते हैं

कोई भी कर्मचारी इस तरह का कार्य नहीं करेगा, जो हमारे व्यावसायिक भागीदारों या जनता द्वारा कंपनी पर किये गए विश्वास के लिए हानिकारक हो सकता है। हम अपनी सोच और क्रियाओं में अपने निजी हितों की बजाय कंपनी की दीर्घकालिक समृद्धि को सबसे आगे रखेंगे। हम उन स्थितियों से बचेंगे जिनमें हमारे निजी हितों और कंपनी के हितों के बीच टकराव हो।

हम कर्मचारियों की संतुष्टि और काम करने की अच्छी स्थितियों को बढ़ावा देते हैं

हम कर्मचारी संतुष्टि के एक उच्च स्तर को प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। हमारा मानना है कि केवल खुश कर्मचारियों से ही ग्राहक खुश होंगे। हम नियमित आधार पर कर्मचारियों की संतुष्टि का सर्वेक्षण करते हैं और अन्य कंपनियों के साथ परिणामों की तुलना करते हैं। हम अपने कर्मचारियों को लचीला और अंशकालिक काम करने वाले मॉडल्स पेश करते हैं और काम के घंटे, लागू कानूनों और नियमों के अनुपालन में होते हैं।

हम अपने कर्मचारियों को उनके काम के लिए उचित बाजार दरों का भुगतान करते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए, हम आंतरिक और बाहरी मानदंडों के निमित्त सभी कर्मचारियों के कार्यों और योग्यता की व्यवस्थित रूप से तुलना करते हैं। कर्मचारी उपयुक्त बोनस योजनाओं के माध्यम से कंपनी की वित्तीय सफलता में साझेदारी करते हैं। हम अपने सभी कर्मियों के लिए समान अवसरों की गारंटी देते हैं। इसके अलावा, हम कर्मचारियों के व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को प्रोत्साहित करते हैं।

हम स्वास्थ्य और सुरक्षा को गंभीरता से लेते हैं

सभी कर्मचारी अपने स्वयं के और अपने सहकर्मियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) समूह की सभी कंपनियां शामिल विशेष जोखिम के अनुसार अपने व्यवसाय के क्षेत्र के लिए उपयुक्त सावधानियां बरतेंगी। हम सभी प्रासंगिक कानूनों और सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन करते हैं, और हम निरंतर सुधार करने के लिए व्यावसायिक सुरक्षा विश्लेषण भी करते हैं। बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) काम के समय के दौरान मादक द्रव्यों के सेवन और शराब के दुरुपयोग के लिए शून्य सहनशीलता की नीति को लागू करता है।

हम रोकथाम और शिक्षा को बहुत महत्व देते हैं। हम ऐसा कार्यस्थल और एक काम का वातावरण प्रदान करते हैं जो हमारे कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक कल्याण को सुगम बनाता है। बीमारी, दुर्घटनाओं, कठिन परिस्थितियों या सामाजिक आवश्यकता के मामलों में, हम अपने कर्मचारियों को यथासंभव पूर्ण सपोर्ट प्रदान करेंगे और यदि आवश्यक हो तो बाहरी विशेषज्ञ की सहायता प्रदान करेंगे।

हम भेदभाव बर्दाश्त नहीं करते हैं

हमारे किसी भी कर्मचारी के साथ लिंग, आयु, धर्म, जातीयता, राष्ट्रीयता, लैंगिक रुझान, वैवाहिक स्थिति, राजनीतिक राय, स्वास्थ्य स्थिति या अन्य किसी वैयक्तिक विशेषता के आधार पर किसी भी आकार या रूप में कंपनी या अन्य कर्मचारियों द्वारा भेदभाव नहीं किया जा सकता है। हमारे कर्मचारी ट्रेड यूनियन में शामिल होने के लिए स्वतंत्र हैं। हम आंतरिक और बाह्य रूप से दूसरों के साथ साझेदारी में शारीरिक या मानसिक विकलांगता वाले लोगों का सपोर्ट करने के लिए अपनी जिम्मेदारी से परिचित हैं।

हमारी कंपनी में यौन या किसी अन्य प्रकार के उत्पीड़न और उपद्रव के लिए कोई जगह नहीं है। हम अपने कर्मचारियों को किसी भी घटना की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, चाहे वे पीड़ित हों या साक्षी हों।

हम मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं

हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मानव अधिकारों का सम्मान करने की जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं। बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) मानवाधिकारों के हनन में जटिलता से बचने का प्रयास करता है। हम अपनी व्यावसायिक गतिविधियों और भागीदारी के भीतर किसी भी तरह के बलात और बाल श्रम को बर्दाश्त नहीं करते हैं। बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) चाहता है कि इसकी व्यावसायिक भागीदारों के लिए आचार संहिता के माध्यम से इसके व्यावसायिक भागीदार समान मानकों का पालन करें।

हम पक्षपात या रिश्वत स्वीकार नहीं करते हैं

राशि पर ध्यान दिये बिना, कर्मचारियों को धनराशि के उपहार देने या स्वीकार करने की अनुमति नहीं है। कर्मचारी भ्रष्टाचार या रिश्वत के किसी भी प्रकार के कार्य में शामिल नहीं होंगे। यह एक मूल्य से अधिक गैर-मौद्रिक उपहारों पर भी लागू होता है जो संबंधित देश में उचित और प्रथागत है। व्यावसायिक खर्च और आतिथ्य के संबंध में, हम स्थानीय खर्च के नियमों का कड़ाई से पालन करते हैं।

किसी व्यक्ति, संगठन या कंपनी को बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) के किसी कर्मचारियों के साथ संबंध से लाभ नहीं होना चाहिए। किसी भी तरह के हितों के टकराव से शुरूआत से ही बचना चाहिए।

हम ऐसे राजनीतिक संगठनों या व्यक्तियों को वित्तीय सपोर्ट प्रदान नहीं करते हैं जो राजनीतिक कार्यालय या राजनीतिक पदों के लिए खड़े होने के इच्छुक हैं या चाहते हैं। हम सक्रिय या निष्क्रिय रिश्वतखोरी को बर्दाश्त नहीं करते हैं।

हम निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के नियमों का सम्मान करते हैं

हम निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के लिए प्रतिबद्ध हैं जिसमें मूल्य निर्धारण, कार्टल या अन्य गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं है जो प्रतिस्पर्धा को विकृत करते हैं। हमारे कर्मचारियों को किसी भी गैरकानूनी या नैतिक रूप से संदिग्ध सौदों या अनुबंधों को करने की मनाही है। उन्हें सभी अविश्वास कानूनों और विनियमों का पालन करना चाहिए। इन मुद्दों की जटिलता को देखते हुए, संदेह के मामलों में विशेषज्ञों से परामर्श किया जाना चाहिए। सभी कर्मचारी अच्छी व्यवसायिक प्रथाओं का पालन करके काम करते हैं।

हम अपनी संपत्ति और मालिकाना रहस्यों को सुरक्षित रखते हैं

हम अपने उपकरणों, संसाधनों और मालिकाना जानकारी के साथ बहुत सावधानी बरतने हैं। अनुमति के बिना व्यावसायिक और मालिकाना रहस्यों को तीसरे पक्ष को, न ही कंपनी के अंदर और न बाहर बताना चाहिए। विशेष रूप से तकनीकी या व्यावसायिक ज्ञान, ड्राइंग, ग्राहक की जानकारी और अन्य संवेदनशील जानकारी तथा दस्तावेजों को नुकसान से या अनधिकृत व्यक्तियों की पहुंच से सुरक्षित रखना चाहिए।

उदाहरण के लिए ई-मेल या इंटरनेट जैसे सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करते समय, जानकारी के अनजाने में खोने या तीसरे पक्ष के पास जाने को रोकने के लिए सभी कर्मचारियों को संबंधित नियमों का पालन करना चाहिए।

सभी कर्मचारी अंदरूनी जानकारी को नियंत्रित करने वाले हमारे आंतरिक नियमों का पूर्ण रूप से पालन करने के लिए बाध्य हैं। कर्मचारी और एक ही घर में रहने वाले कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) होल्डिंग में ट्रेडिंग शेयरों के उद्देश्यों के लिए गोपनीय और गैर-सार्वजनिक जानकारी का उपयोग करने की अनुमति नहीं है।

हम पारिस्थितिक स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं

हम ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों के सावधानी से और विचारशील उपयोग के लिए प्रतिबद्ध एक पर्यावरण की दृष्टि से एक जागरूक कंपनी हैं। अपने दूरदर्शी कार्यों से, हम ऊर्जा, पानी और सभी प्रकार की रसायनों की खपत को न्यूनतम करने के साथ-साथ उत्सर्जन की समस्या से निपटने में योगदान करते हैं। हम अपने उत्पादों और सेवाओं के पर्यावरण पर प्रदर्शन में लगातार सुधार करने का प्रयास करते हैं और व्यापार रोक या प्रतिबंधों से प्रभावित कच्चे माल की सावधानीपूर्वक और उचित खरीद सुनिश्चित करते हैं। हम अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षित करते हैं और उनमें जागरूकता पैदा करते हैं, और साथ ही पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार तरीके से व्यवहार करने के लिए अपने ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हैं। हम पर्यावरण और लोगों की कीमत पर ग़ैरजिम्मेदार लाभ की मांग और लागत में कटौती की अनदेखी नहीं करते हैं। इसके विपरीत, हम आर्थिक, पर्यावरण और सामाजिक पहलुओं के बीच संतुलन बनाकर स्थिरता सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं।

हम यह कैसे सुनिश्चित करते हैं कि कर्मचारी हमारी आचार संहिता का पालन कर रहे हैं?

कार्यान्वयन और निगरानी करना

बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) समूह के सभी कर्मचारी अपने रोजगार की शर्तों में से एक के रूप में बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) की आचार संहिता के सिद्धांतों को बनाए रखते हैं। प्रबंधक भी अपने कर्मचारियों को तदनुसार सूचित करने और प्रशिक्षित करने के लिए बाध्य हैं। इन सिद्धांतों के उल्लंघन की जांच की जाती है और उचित उपाय किए जाते हैं, जिसमें अविलंबित बर्खास्तगी और आपराधिक मुकदमा चलाया जाना शामिल है।

प्रक्रियाओं और निर्देशों का पालन किया जा रहा है यह सुनिश्चित करने के लिए और कर्मचारियों को आवश्यक सपोर्ट प्रदान करने के लिए, अंतरराष्ट्रीयय रूप से प्रचालित होने वाली कंपनी में नियमित निगरानी आवश्यक है।

कर्मचारी जो इस आचार संहिता या अन्य नैतिक दिशा-निर्देशों और सिद्धांतों के उल्लंघन के बारे में जानते हैं, उनसे हमारे मानक शिकायत चैनलों के माध्यम से (लाइन प्रबंधक, स्थानीय मानव संसाधन, कानूनी विभाग) या अंतिम उपाय के रूप में बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) स्पीक अप रिपोर्टिंग चैनल के माध्यम से रिपोर्ट करने का अनुरोध किया जाता है । स्पीक अप शिकायत प्रणाली एक स्वतंत्र तीसरे-पक्ष के टूल पर बनाई गई है और रिपोर्टिंग अनाम आधार पर भी की जा सकती है। बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) उन व्यक्तियों के खिलाफ किसी भी भेदभाव या प्रतिशोध को स्वीकार नहीं करेगा जो सद्भाव में अनुपालन की चिंताओं को रिपोर्ट करते हैं।

स्पीक अप रिपोर्टिंग चैनल के माध्यम से शिकायतों को ऑनलाइन या फोन के माध्यम से किया जा सकता है। ऐसी रिपोर्टों को विश्वास में लिया जाएगा और उत्पीड़न या बर्खास्तगी के बहाने के रूप में इसका दुरुपयोग नहीं किया जा सकता है। स्पीक अप रिपोर्टिंग चैनल के डिज़ाइन और प्रचालन के बारे में अधिक जानकारी यहाँ मिल सकती है https://www.burckhardtcompression.com/speak-up.

Burckhardt Compression Holding AG
CH-8404 Winterthur, Switzerland
Tel. +41 52 262 55 00
Fax +41 52 262 00 51
info@burckhardtcompression.com
www.burckhardtcompression.com